मध्यप्रदेश शासन
वन विभाग
मंत्रालय वल्लभ भवन

कमांक 977/ 901/16/10–2 भोपाल, दिनांक 25/04/2016

प्रति,

1. प्रधान मुख्य वन संरक्षक
(वन बल प्रमुख)
भोपाल मध्यप्रदेश।

2. अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक
(भू–प्रबंध)

3. अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक
(सूचना प्रौद्योगिकी)

4. मुख्य वन संरक्षक,
(वन भू–अभिलेख)

5. वन संरक्षक, (कार्य आयोजना)
जिला – बैतूल

विषयः– वन विभाग के नक्शों के डिजिटाईजेशन एवं डिजिटल नक्शों के रख–रखाव के संबंध में।

—00—

विषयांतर्गत लेख हैं कि दिनांक 11.03.2016 को मंत्रालय, वल्लभ भवन में डिजिटल मानचित्र के संबंध में अपर मुख्य सचिव, वन की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई थी, जिसका कार्यवाही विवरण अवलोकनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु संलग्न कर आपकी ओर प्रेषित है।

संलग्न :– उपरोक्तानुसार

(संजय मोहरीर)
अपर सचिव
म0प्र0 शासन वन विभाग
मंत्रालय भोपाल

Steno
DCF(IT)

Z:\Manish\letter.docx61

मध्यप्रदेश शासन
वन विभाग,
मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल

कार्यवाही विवरण

वन विभाग सूचना प्रौद्योगिकी शाखा द्वारा डिजिटल मानचित्र के सम्बन्ध में श्री दीपक खाण्डेकर, अपर मुख्य सचिव, वन विभाग की अध्यक्षता में दिनांक 11.03.2016 को अपरान्ह 04:00 बजे से कक्ष 216, मंत्रालय, वल्लभ भवन में प्रस्तुतीकरण आयोजित किया गया, जिसमें निम्नानुसार अधिकारी उपस्थित थे : –

1. श्री नरेन्द्र कुमार, प्रधान मुख्य वन संरक्षक (वन बल प्रमुख)
2. श्री एस0 के0 मण्डल, अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक (भू–प्रबंध)
3. श्री अनुराग श्रीवास्तव, अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक (सूचना प्रौद्योगिकी)
4. श्री पी0 के0 सिंह, मुख्य वन संरक्षक (वन भू–अभिलेख)
5. श्री एम0 सी0 सिंघल, वन संरक्षक, कार्य आयोजना, बैतूल
6. श्री संजय मोहरीर, अपर सचिव, वन विभाग

इसके अतिरिक्त सूचना प्रौद्योगिकी शाखा के जी0आई0एस0 से सम्बद्ध तकनीकी विशेषज्ञ भी उपस्थित थे। अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक (सूचना प्रौद्योगिकी) द्वारा डिजिटल मानचित्र के संबंध में प्रस्तुतीकरण किया गया। प्रस्तुतीकरण उपरांत निम्नानुसार निर्णय लिये गये :–

1. सैटेलाईट इमेजरी का उपयोग कर विभाग 1 : 12500 स्केल पर स्वतंत्र रूप से फीचर का Extraction करे ताकि त्रुटिहीन फीचर्स उपलब्ध कराए जा सके।
2. वन विभाग द्वारा राजस्व विभाग से डिजिटाईज्ड एवं जीयो रेफरेंसड खसरो के नक्शों की मांग की गई है। इनको उपलब्ध कराने के लिये राजस्व विभाग को पुनः लेख किया जायेगा।
3. मोबाइल मैपर के द्वारा उपलब्ध कराये गये डेटा की शुद्धता एवं विभाग के नक्शों का स्केल 1 : 12500 तथा डिफरेंशियल जी0पी0एस0 की शुद्धता की सीमित उपयोगिता को देखते हुए मोबाइल मैपर के रियलटाईम डेटा का ही उपयोग किया जाए तथा आवश्यकता पड़ने पर ही डिफरेंशियल जी0पी0एस0 का उपयोग किया जाए।
4. जिन वनखण्डों में नक्शों एवं अधिसूचनाओं की त्रुटि के कारण भूमि के आंकड़ों में

निरंतर 2

परिवर्तन आ रहा है उनके बारे में पृथक से कार्यवाही की जाएगी।

5. विभाग द्वारा क्रय की गई सैटेलाईट इमेजरी को प्रोसेस करने के लिये एवं शाखा के लिये आवश्यक हार्डवेयर/सॉफ्टवेयर क्रय करने के लिये प्रस्ताव तैयार किये जायेगे तथा आवश्यक बजट की मांग योजना बनाकर पृथक से की जाएगी।
6. राजस्व विभाग द्वारा तैयार किये गये डिजिटल नक्शों पर डिजिटल हस्ताक्षर की प्रक्रिया निर्धारित की गई है। इसका अध्ययन कर वन विभाग में भी तैयार किये जा रहे डिजिटल नक्शो पर इन्हें लागू करने के संबंध में निर्णय लिया जाएगा।
7. विभाग में अधिकारियों/कर्मचारियों को चिन्हित कर दक्षता विकास के लिये प्रस्ताव बनाये जायेंगे तथा समय–समय पर प्रशिक्षण दिया जाएगा।
8. सूचना प्रौद्योगिकी शाखा में भारतीय वन सेवा के वन संरक्षक एवं उप वन संरक्षक स्तर के अधिकारी पदस्थ करने तथा सर्वे करने के लिये नई भर्ती के 05 वन क्षेत्रपाल एवं 15 वन रक्षक उपलब्ध कराये जाने के संबंध में आवश्यक कार्यवाही प्रधान मुख्य वन संरक्षक द्वारा की जाएगी।
9. शाखा में पदस्थ तकनीकी मानव संसाधन हेतु मैप आई0टी0 जैसी संस्थान के निर्माण अथवा अन्य विकल्पों के बारे में विचार किया जाएगा।
10. शाखा के लिये पृथक से बजट हैड खोलने के लिये प्रस्ताव तैयार किया जाएगा।

तत्पश्चात धन्यवाद ज्ञापन के साथ बैठक समाप्त हुई।

(संजय मोहरीर)
अपर सचिव
म0प्र0 शासन वन विभाग
मंत्रालय भोपाल

Z:\Manish\letter.docx58